भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 3826
गुरूवार, 3 अप्रैल, 2025/13 चैत्र, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

सीबीएसपी योजना की स्थिति

3826 श्री एस. सेल्वागनबेथी:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सेवा प्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण (सीबीएसपी) योजना के अंतर्गत कौन-कौन से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं;

(ख) विगत तीन वर्षों से अब तक इस योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में लाभान्वित छात्रों की संख्या कितनी है;

(ग) क्या पर्यटन उद्योग ने इस योजना के माध्यम से छात्रों के लिए अधिक रोजगार के अवसर विकसित किए हैं और यदि हां, तो रोजगार सृजित करने में कौन-कौन सी एजेंसियां शामिल हैं; और

(घ) इस योजना के संचालन में कितना व्यय हुआ है और विगत तीन वर्षों के दौरान अभ्यर्थियों को कितनी राशि की छात्रवृति प्रदान की गई है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय अपनी "सेवाप्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण (सीबीएसपी)" नामक योजना के तहत सरकारी और सूचीबद्ध निजी संस्थानों के माध्यम से आतिथ्य तथा पर्यटन संबंधी अल्पकालिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों का संचालन करता है। इन कार्यक्रमों में हुनर से रोजगार तक, उद्यमिता कार्यक्रम, कौशल परीक्षण एवं प्रमाणन, पर्यटन जागरुकता कार्यक्रम आदि शामिल हैं। सीबीएसपी योजना के विभिन्न कार्यक्रम और पहलें मुख्य रूप से पर्यटन और आतिथ्य के क्षेत्रों में उम्मीदवारों की नियोजनीयता को बढ़ाते हैं।

पिछले तीन वर्षों के दौरान सीबीएसपी योजना के तहत किए गए व्यय, प्रदत्त छात्रवृत्ति, प्रशिक्षित और प्रमाणित उम्मीदवारों का विवरण निम्नानुसार हैः

(राशि करोड़ रु. में)

वर्ष	**उम्मीदवारों की संख्या**	**प्रदत्त छात्रवृत्ति**	**कुल व्यय**
2021-22	22034	-	21.22
2022-23	21641	0.85	15.71
2023-24	24153	2.61	21.68

*****